# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के क्रियान्वयन से कोई भी गरीब परिवार नहीं रहेगा बेरोजगार : नयनपाल रावत

**■ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले के दौरान किया मेले का उद्घाटन।**

भगवत दयाल, गुड़गांव टुडे

**फरीदाबाद।** पृथला के विधायक एवं हरियाणा भण्डारण निगम के चैयरमैन नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश में कोई भी गरीब परिवार बेरोजगार नहीं रहेगा। प्रदेश में रह रहे 180000 रूपये से कम वर्षिक आय वाले नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान योजना एक बेहतरीन योजना है। यह जरूरतमंद परिवारो के उज्ज्वल भविष्य के लिये प्रभावी रूप से सहयोगी है।

विधायक एवं चैयरमैन नयनपाल रावत ने यह बात शनिवार को बीडीपीओ कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आज भी कई नागरिक ऐसे हैं जिनके पास या तो पर्याप्त रोजगार नही हैं या फिर उनकी आय बहुत कम है। जिसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत?योदय परिवार उत्थान योजना के तहत उन परिवारों की आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है। जिनकी आए सालाना 1 लाख रुपया से कम है।

मेले के उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, टाऊन कन्ट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेलों के नोडल अधिकारी केएम पण्डुरमन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का लाभ, पात्रता, महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से विषयों बारे पात्र व्यक्ति को जानकारी हासिल कर योजना का लाभ लेने का आव्हान करते हुए कहा कि जिला मे लाभार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहतरीन योजना है। उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश में आम जनमानस की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाई जा रही हैं। सरकार अंत्योदय की भावना के





साथ कार्य कर रही है।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के सही क्रियान्वयन के लिए जिला में पांच जोन बनाए गए है। मेला के दौरान उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि एक दिवसीय मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला बेहद सफल रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के पात्र 165 परिवारों का चयन कर लाभ प्रदान करने के लिए बल्लभगढ़ ग्रमीण जोन सहित जिला को 5 जोन में बांटा गया है ताकि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में चयनित परिवारों के सहयोग हेतु परिवारों की पहचान कर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह योजना हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा बनाई बेहतरीन योजना आरंभ की गई है। इस योजना के माध्यम से वे सभी परिवार जिनकी आए सालाना 1 लाख रुपए से कम है उनके पहचान पत्र बनवाए जा रहे हैं। जिससे कि उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सके। इन पहचान पत्रों के माध्यम से हरियाणा सरकार के पास इस योजना के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों का अभिलेख प्राप्त हो जाता है। जिससे शासन-प्रशासन को लोगों की आय में वृद्धि करने के गम्भीर प्रयास को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण भी बेरोजगार नागरिको को प्रदान किए जा रहे हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से हरियाणा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का शुभारंभ किया गया था। यह योजना गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए आरंभ की गई।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार योजना हेतु आयोजित मेले के अंतर्गत शामिल विभाग हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य बाल भवन परिषद, महिला विकास निगम, हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा कौशल विकास मिशन, अनुसूचित जाति एवं वित्तीय विकास निगम, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, रोजगार विभाग, मत्स्य पालन विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन एंड डेहरी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग,खादी एवं ग्रामोद्योग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय जैसे अन्य विभागों व इकाईयो ने मेले में प्रतिभागिता की। उन्होंने बताया कि अंत?योदय परिवार उत?थान योजना में चयनित परिवारों के सहयोग के लिए आर्थिक रूप से कमज़ोर नागरिको को पहचान पत्र बनवाने की सुविधा प्रदान करके उनके जीवन को आर्थिक रूप सुधारा जा रहा है और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओ से जोड़कर उनकी आय को बढ़ाने के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इस अवसर पर एडीसी सतबीर मान,एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, बीडीपीओ एवं बल्लभगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के नोडल अधिकारी प्रदीप कुमार,अशोक शर्मा, जोगिंदर रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# 134ए के तहत परीक्षा आज विभाग की तैयारी पूरी : उपायुक्त

भगवत दयाल, गुड़गांव टुडे



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नियम 134ए के तहत परीक्षा कल रविवार को होगी। इसके लिए शिक्षा विभाग पूरी तैयारी कर ली गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि जिला में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के दौरान मिले रजिस्ट्रेशन नंबर को ही रोल नंबर माना जाएगा। परीक्षा 12 दिसंबर होने की सम्भावना जताई जा रही है।

बल्लभगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ में दूसरी से पांचवीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-3 में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आईटी-3 में तीसरी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में आठवीं व नौवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में छटी व सातवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-1 मट्रो में दूसरी और राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिकोना पार्क में से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए आवेदकों के रोल नंबर आवेदन के दौरान मिले रजिस्ट्रेशन नंबर को ही माना जाएगा। रोल नंबर अलग से जारी नहीं किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र के अलाटमेंट की सूची को गुरुवार को बीईओ कार्यालय में लगाया जाएगा। सीटिग प्लान को परीक्षा केंद्र के समय ही बताया जाएगा। परीक्षा केवल उन्हीं विद्यार्थियों की होगी जिन्होंने प्राइवेट स्कूल से अपनी पिछली कक्षा पूरी की है। सरकारी स्कूल से अपनी पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोई परीक्षा नहीं होगी। ऐसे विद्यार्थियों को पिछली कक्षा में प्राप्त अंकों पर आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा में दाखिला दसवीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर होगा। अगर विद्यार्थियों को स्कूल आवंटित किया जाता है। इस बार नियम 134ए के तहत स्कूलों की खाली सीटों के लिए बहुत ही कम आवेदन आए हैं। कुल सीटों के आधे आवेदन भी इस बार नहीं आए। अभिभावकों में भी नियम 134ए के तहत कोई उत्साह नहीं है। इसका एक कारण यह भी है कि बच्चे स्कूलों में दाखिला ले चुके हैं। स्कूल अगस्त महिने से खुले हुए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नियम 134ए के तहत जिला में कुल 3914 सीटें है। कक्षा दूसरी के लिए 565, कक्षा तीसरी के लिए 624, कक्षा चौथी में 552, कक्षा पांचवीं में 575, कक्षा छठी में 451, कक्षा सातवीं में 450, कक्षा आठवीं में 427, कक्षा नौवीं में 270 सीटें है। परीक्षा 5 दिसंबर को आयोजित की जाएगी है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर ने बताया कि विभाग की ओर से परिक्षा देने के लिए पहुंचने वाले विद्यार्थियों को आइडी प्रुफ और अप्लाई किया गया आनलाइन फार्म साथ लाने के लिए कहा गया है। परिक्षा का समय दोपहर 12 से सायं 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। साथ ही विभाग की ओर से कहा गया है कि साढ़े 10 बजे विद्यार्थी अपने-अपने सेंटरों पर पहुंच जाएं। स्थानीय कार्यालय के अधिकारियों कहना है कि 10 दिसंबर तक उनकी ओर से रिजल्ट के लिए मार्किंग करके ऑनलाइन करना है और 13 दिसंबर को पंचकूला हेड ऑफिस से अलाटमेंट कर दी जाएगी। विद्यार्थियों द्वारा आनँ लाइन आवेदन किए जा रहे हैं।

# राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित : सतबीर मान

**■ 23 दिसंबर तक किए जा सकते हैं आवेदन, विभागीय वैबसाईट पर अपलोड की गई जानकारी।**

भगवत दयाल, गुड़गांव टुडे

**फरीदाबाद।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा व हरेड़ा द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोगताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन लघु सचिवालय सेक्टर-12 स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 403 में सहायक परियोजना अधिकारी रविकांत शर्मा को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग में 23 दिसंबर तक जमा करवाएं जा सकते हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान ने बताया कि औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा तकनीक व ऊर्जा दक्षता का उचित प्रयोग करने वाली संस्थाओं को राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार दिया जाता है। इसके अलावा, इनमें इनोवेशन या नई प्रौद्योगिकियों या अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में नई प्रचार परियोजनाओं कों शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा



संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं।

उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों में विजेता संस्था को नकद राशि, शील्ड तथा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दिशा निर्देशों संबंधी जानकारी के लिए हरेडा की वैबसाईट 222.द्धड्डह्द्गस्रड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ पर लॉगइन किया जा सकता है। इसके अलावा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग में भी किसी भी कार्य दिवस के दौरान संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने उपरोक्त वर्णित संस्थाओं से अपील करते हुए कहा कि इन पुरस्कारों के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करते हुए इसका लाभ उठाएं।

# सबको वैक्सीन 'मुफ्त वैक्सीन' के अंतर्गत लोगों को ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन लगवाना उद्देश्य



भगवत दयाल, गुड़गांव टुडे

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, जय सेवा फाउंडेशन, रामा कृष्णा फाउंडेशन (रजि) व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ इंडियन ऑयल डेवलपमेंट सेंटर प्लॉट सेक्टर 67 फरीदाबाद में कोविड-19 वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जय सेवा फाउंडेशन के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार उपस्थित थे।

गंगा शंकर मिश्र ने बताया कि जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव का उद्देश्य है बगैर वैक्सीन के हमारे शहर में यदि व्यक्ति ना रह जाए इसी को ध्यान में रखते हुए! सभी सामाजिक संगठनों, एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से टीकाकरण की मुहिम बहुत ही सुंदर तरीके से जोर शोर से चलाई जा रही है। प्रत्येक दिन हजारों की तादाद में लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला प्रशासन के द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए मैं सभी को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। रेडक्रॉस सेक्रेटरी विकास कुमार ने बताया कि दूरदराज इलाकों में जाकर लोगों को व्यक्ति लगाई जा रही है। हम सभी का केवल एक ही लक्ष्य है अंतिम छोर तक लोगों को इसका लाभ मिल सके। जिसके लिए सामाजिक संगठन भी हमें भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक विमल खंडेलवाल ने बताया कि संस्था के माध्यम से निरंतर वैक्सीन के कैंप स्वास्थ्य विभाग के साथ लगाए जा रहे हैं। हम लोगों केवल एक ही उद्देश्य है। सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी नीतियों को जन-जन तक संस्था के माध्यम से पहुंचाया जाए। अभी तक संस्था के द्वारा विभिन्न कैंप लगाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर निलन गुप्ता, कर्नल अमिश चन्दा, एसपी सिंह, धनंजय, अनीस एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त जितेंद्र यादव एवं प्रथम महिला अंजु बाला ने पारितोषिक देकर बच्चों को किया सम्मानित

भगवत दयाल, गुड़गांव टुडे








**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद ने एक समारोह का आयोजन किया।जिसमे राज्य स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस समारोह का शुभारंभ फरीदाबाद की प्रथम महिला एवं जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद की अध्यक्ष अंजुबाला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बहुत से अध्यापकों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बच्चों नें रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर लगभग 450 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने वाले अध्यापकों, जिला कल्याण परिषद के आजीवन सदस्यों, एवं समाज सेवी लोगों को सम्मानित किया गया। जादूगर सी पी यादव द्वारा पेश किए गए जादू के खेल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रसिद्ध पर्यावरण विद एवं बाल कल्याण समाज सेविका निहारिका कौशिक को भी उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने सम्मानित किया।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद ने एक सराहनीय कार्य किया है और वो इसके लिए बधाई के पात्र हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने कहा उपायुक्त महोदय एवं उनकी जीवन संगिनी ने प्रोग्राम में पधार चार चांद लगा दिए।हमारा भरसक प्रयास रहेगा कि बच्चों के कल्याण के लिये यूं ही कार्य करते रहें। जिला उपायुक्त महोदय के हाथों से पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर आये हुए मीडिया के बंधुओं को भी जिला उपायुक्त महोदय ने सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य रुप से ओ पी धामा, सुशील कनवा,सुंदर लाल खत्री, सतयुग दर्शन से प्रिंसिपल दीपेन्द्र कांत, वरिष्ठ पत्रकार बी डी कौशिक और बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मदद मांगने गए मैनेजर पर पेट्रोल पंप कर्मियों ने किया जानलेवा हमला

## दिल्ली पुलिस के एसीपी का बेटा है घायल मैनेजर, मोबाइल बंद होने पर चार्जर लेने गया था

गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम

हरियाणा का बिजनिस कैपिटल गुरुग्राम कमिश्नरी व्यवस्था के बाद भी अपराध का गढ़ बना हुआ है। वाहन चोरी,डकैती,फिरौती के साथ छीना झपटी और रोड रेज की घटनाओं में कई लोग अपनी जाने गँवा चुके हैं?

ताज़ा मामला गुरुग्राम का है जहाँ गुरुग्राम के सेक्टर 40 स्थित भारत पेट्रोलियम पैट्रोल पम्प पर पैट्रोल पम्प पर काम करने वाले व असामाजिक तत्वों ने किसी आम नागरिक की जान लेने की कोशिश केवल इसलिए की जो अपना फ़ोन चार्ज करना चाहता था। वाकया गुरुग्राम जैसे मल्टीनेशनल कंपनियों और डिस्कों से भरे शहर का क्यों ना हो लेकिन गुरुग्राम अब क्राइम कैपिटल बनता जा जा रहा है। यहाँ दिल्ली में कार्यरत सहायक पुलिस आयुक्त एम. एल. मीना के बेटे मुकेश सेहरा पर पैट्रोल पम्प पर गुंडों ने बेहरमी से रॉड ओर डंडो के साथ हत्या के इरादे से इस कदर हमला बोला कि आज वह मेदांता अस्पताल में अपनी मौत और जिंदगी की जंग लड़ रहा है। दरसल मुकेश गुरुग्राम में ही एक कंपनी इंजीनियर इंडिया- आर एंड दी कॉम्प्लेक्स में ही बतौर मैनेजर कार्य



कर रहा था और अपनी ड्यूटी खत्म कर वही पास में ही ह्य 8 पर ही ट्रेंस कैफे में अपने एक सहयोगी मित्र के साथ डिनर करने गए थे। वापिस आने पर वह कुछ भूल गए जिस वजह से वह कैफे वापिस गए और कैफे बंद होने कारण जब वापिस आये तो उनकी गाड़ी की चाबी भी खो गई थी जिसकी वजह से वह ओर उनका मित्र दोनों के मोबाइल की बैटरी भी खत्म हो गई थी जिस की वजह से इस सेक्टर 40 के भारत पैट्रोलियम के पैट्रोल पम्प पर अपने मोबाइल चार्ज के लिये आग्रह किया लेकिन यही उन्हें भारी पड़ गया मोबाईल तो चार्ज नही हुआ उल्टा इस पर वही काम करने कर्मियों ने जानलेवा हमला कर दिया और लाठी, डंडो, रॉड ओर एक ने अपने हाथ मे पहने स्टील के कड़े से प्रहार कर दिया जिसकी वजह से मुकेश के नाक सिर और अन्य जगहों पर गंम्भीर चोट आई जिसके कारण आज वह ज़िंदगी ओर मौत के बीच जूझ रहा है। तस्वीरों में साफ देख सकते हैं पट्रोल पम्प के गुंडों ने गुंडागर्दी और अपराध का सफाया करने वाली खट्टर सरकार के दावों की पोल खोल कर रख दी है। जहाँ इस पैट्रोल पम्प पर इस घटना को अंजाम दिया गया एकाएक कई लोग टूट पड़े और ताबड़ तोड़ रॉड ओर डंडो से पीटते रहे जब तक वह पूरी तरह से बेहोश नही हो गया और सीसीटीवी फुटेज में यह पूरी घटना रिकार्ड हो चुकी है। बावजूद इसके गुरुग्राम पुलिस अभी तक पट्रोल पम्प मालिक के रसूख के चलते जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार करने की बजाये बचाने में जुटी है? बजाय इस तरह से पैट्रोल पम्प पर गुंडे रखने की जांच करने के पुलिस क्यों चुप है। आखिर इस बात का जवाब ना पुलिस प्रशासन के पास है और ना सरकार के पास इसलिए गुरुग्राम में गुंडों के हौसले सरकार के जूठे दावों से ज्यादा बुलंद हैं?

# विलायती कीकर की जगह पीपल के पेड़ से दिल्ली में ऑक्सीजन 40 गुना बढ़ाएं : स्वामी अद्वैतानंद गिरि

गुड़गांव टुडे, नई दिल्ली।

दुनिया भर की राजधानी शहरों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता सबसे खराब हो गई है. इंटरनेशनल मेडिटेशन फाउंडेशन ने समस्या का दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए एक अभियान शुरू किया है। विलायती कीकर के स्थान पर पीपल का पौधा लगाकर इसे प्राप्त किया जा सकता है। स्वामी अद्वैतानंद के नेतृत्व में इंटरनेशनल मेडिटेशन फाउंडेशन दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पीपल के पेड़ लगाने के लिए एक ठोस अभियान चला रहा है। हमने उत्तराखंड, राजस्थान और गोवा सहित देश के कई अन्य हिस्सों में ऐसा किया है।

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर स्वामी अद्वैतानंद ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में वायु प्रदूषण हर साल 20 लाख लोगों की जान ले रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत दुनिया में सबसे अधिक पुरानी सांस की बीमारियों और अस्थमा से




पीड़ित है। दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता 22 लाख या दिल्ली के सभी बच्चों के 50 प्रतिशत के फेफड़ों को अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा। इंटरनेशनल मेडिटेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष स्वामी अद्वैतानंद ने कहा कि दिल्ली के जंगल में मुख्य रूप से विलायती किकर हैं जो इसके आस-पास अन्य पेड़ों को उगने नहीं देते हैं और अपनी गहरी जड़ों के साथ इसने जमीन को सूखा छोड़ दिया है। पीपल (फिकस रिलिजिओसा) के पेड़ इसके पास बहुत अच्छी तरह से उग सकते हैं और वे किसी भी अन्य पेड़ की तुलना में तेजी से बढ़ेंगे। जैसे-जैसे ये नए पेड़ बढ़ते हैं, विलायती कीकरों को एक साथ काटा जा सकता है और अंत में हटाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के जंगल में लगभग 90 प्रतिशत विलायती कीकर है और इसकी जगह पीपल के पेड़ लगाने से शहर में हवा की गुणवत्ता पर जादुई प्रभाव पड़ेगा। विलायती कीकर के स्थान पर पीपल का वृक्ष लगाने से वायु शुद्ध होगी और आक्सीजन में 40 गुना वृद्धि होगी। यह विलायती कीकर से करीब आठ गुना ज्यादा है। पीपल के पेड़ का आकार, इसकी छतरी विलायती कीकर से 5 गुना अधिक है। आठ गुना कार्बन पृथक्करण क्षमता को 5 गुना से गुणा करके जंगल में 40 गुना वृद्धि होती है। 87 प्रतिशत कार्बन ज़ब्ती क्षमता का मतलब यह भी है कि पीपल 87त्न हवा को साफ कर सकता है और समान रूप से ऑक्सीजन का उत्पादन कर सकता है। दूसरे शब्दों में, इससे वायुमंडलीय प्रदूषकों को कम करके क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। स्वामी अद्वैतानंद ने कहा कि पीपल ही एक ऐसा पेड़ है जो रात में भी ऑक्सीजन देता है, विलायती कीकर रात के समय सीओ2 देता है। इससे पीपल के पेड़ से मिलने वाली ऑक्सीजन की मात्रा दोगुनी हो जाती है क्योंकि दूसरे पेड़ दिन में ही ऑक्सीजन देते हैं। स्वामी अद्वैतानंद ने दिल्ली सरकार से इस वाजिब मांग को स्वीकार करने की अपील की जनता की भलाई के लिए इसे लागू करें। उन्होंने कहा कि मांग पर कार्रवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।